हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

11 स्वीप एक्टिविटीः मतदान को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



12 सरसों से लदे वाहनों की लगी कतार, पुलिस कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा






## खबर संक्षेप

### दादा छाजुवीर आश्रम में हवन व भंडारा 11 को

**कनीना।** उपमंडल के गांव गुढ़ा स्थित दादा छाजुवीर आश्रम में 11 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में मास्टर संतोष यादव ने बताया कि सुबह सवा सात बजे हवन होगा। बाद सवा नौ बजे भंडारा प्रारंभ होगा।

### इनेलो कार्यकर्ता आज देंगे देवीलाल को श्रद्धांजलि

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल जिले के कार्यकर्ता शनिवार को पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल की 23वीं पुण्यतिथि पर निजामपुर चौक पर व महेंद्रगढ़ में चौधरी देवीलाल पार्क में सुबह 9 बजे उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे।

### शहबाजपुर में बुढ्ढो माता का मेला कल

**नांगल चौधरी।** शहबाजपुर में सात अप्रैल को बुढ्ढो माता का मेला आयोजित होगा। मेले में ऊंट व घोड़ियों की दौड़ स्पर्धा करवाई जाएगी। पंचायत समिति के चेयरमैन कर्मपाल यादव ने बाया कि फसल कटाई के उपरांत बुढ्ढो माता के मंदिर में मेला आयोजन की परंपरा बनी हुई है। सात अप्रैल को मेला लगेगा।

### पार्षदों और नपा अधिकारियों ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

# एसडीएम-डीएमसी के सामने बवाल

### एसडीएम व डीएमसी ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मनमुटाव दूर करवाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका में शहरी सरकार व अधिकारियों के बीच तालमेल नहीं होने के कारण करीब 20 माह बाद भी शहर में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। अब नपा चेयरमैन, पार्षद व अधिकारियों का मनमुटाव पत्राचार तक पहुंच गया है। दोनों उच्च अधिकारियों को एक दूसरे के खिलाफ शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को दोनों की तरफ से हुए पत्राचार के बाद नगर पालिका कार्यालय में करीब तीन घंटे तक जबरदस्त ड्रामा चला। डीएमसी व एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर दोनों का मनमुटाव दूर कराने का प्रयास किया।

इस दौरान पार्षद व चेयरमैन अधिकारियों को विकास कार्यो के प्रति गंभीर नहीं होने का आरोप लगाते हुए दिखे। वहीं अधिकारी ने आचार सहिता व नियमानुसार कार्य करने की बात करते दिखे। वहीं नपा सचिव द्वारा चेयरमैन रमेश सैनी पर लगाए गए अवैध कब्जे की शिकायत पर अधिकारी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाए। डीएमसी ने आश्वासन दिया है कि नगर पालिका में व्यवस्था बनाकर जल्द ही नगर पालिका में विकास कार्य शुरू कराएं जाएंगे। वहीं एसडीएम ने भी आश्वासन दिया है कि काम नहीं करने वाले अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई होगी





**महेंद्रगढ़।** नपा कार्यालय में पार्षदों से बात करते डीएमसी व कार्यालय में चेयरमैन रमेश सैनी से बात करते डीएमसी महावीर प्रसाद व एसडीएम संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### गलत फीडबैक देने का आरोप

नगर पालिका में व्यवस्था बिगड़ने के बाद एक फिर से डीएमसी ने कमान संभाली। नपा चेयरमैन, सचिव व जेई से मिलकर मामले की पूरी जानकारी ली। वहीं पत्रकारों द्वारा बताई गई शहर की स्थिति पर तुरंत एक्शन लेते हुए शहर में सड़क मरम्मत के कार्य की रिपोर्ट शाम तक भेजने के आदेश दिए। डीएमसी ने कहा कि उन्होंने अभी कुछ समय पहले कार्यभार संभाला है। यहां की स्थिति समझने में थोड़ा समय लगेगा। कुछ कर्मचारियों की ड्यूटी में बदलाव कर दिया गया है। समय पर कार्य पूरा नहीं करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी।

#### सचिव ने लगाए थे यह आरोप

नगर पालिका सचिव प्रशांत परासर की ओर से डीएमसी को पत्र लिखकर नगर पालिका की स्थिति से अवगत कराया गया था। उनका कहना है कि उन्होंने फरवरी माह में नगर पालिका कार्यभार संभाला हैं। पिछले आठ से 10 साल में नगर पालिका में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। वर्ष 2020-21 में किसी प्रशासक व तत्कालीन सचिव, जेई, लेखाकार आदि द्वारा विकास कार्य करोड़ों में कराने, धांधली करने सहित अन्य शिकायतों की विजिलेंस जांच चल रहीं हैं। सभी शाखाओं का पूर्ण रिकार्ड नहीं है। रिकॉर्ड पूर्व प्रधान व कर्मचारियों ने मिलकर गायब किया है। निदेशालय के निर्देशानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। कर्मचारी खिल्लूराम को हटाकर सफाई शाखा में लगा दिया है। सचिव ने पत्र ने लिखा है कि प्रधान द्वारा कुछ अतिक्रमण व अवैध कब्जे विधायक व पूर्व विधायक के नाम पर किए गए हैं। इस बारे में उनको कर्मचारियों व अधिकारियों से जानकारी मिली हैं। शहर के हुड्डा पार्क व बचपन प्ले स्कूल के समीप भी अवैध कब्जे किए गए हैं।

#### चेयरमैन ने लगाए थे ये आरोप

चेयरमैन रमेश सैनी की ओर भी नपा के अधिकारियों व कर्मचारियों पर विकास कार्य के प्रति गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया था। रमेश सैनी का कहना है कि शहर विकास कार्यो के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है, लेकिन अधिकारी शहर के विकास कार्य शुरू कराने को लेकर कोई रूपरेखा तैयार नहीं कर रहे। तकनीकी शाखा के कर्मचारी को कई बार हिदायत दी जा चुकी है उसको बावजूद भी कर्मचारी विकास कार्य कराने की बजाय एनडीसी व प्रॉपटी आईडी के कार्यों में ज्यादा रूचि ले रहे हैं। अधिकारी अपने मनमाने तरीके से बिना उनकी सलाह के गलत तरीके से एनडीसी का कार्य कर रहे हैं। अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। जिस कारण आमजन को बार-बार नगर पालिका कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

## सिंचाई मंत्री की विस के गांव बायल में पेयजल संकट, विरोध में किया रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

गांव बायल में बीते एक सप्ताह से पेयजल संकट बना हुआ है। परेशान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को स्थिति से अवगत करवा दिया। इसके बावजूद उन्होंने समस्या का निवारण नहीं किया। जिससे गुस्साएं ग्रामीणों से सुबह बायल-निजामपुर सड़क मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पाकर निजामपुर थाना इंचार्ज जगदीश प्रसाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद ग्रामीणों को देर शाम तक पेयजल सप्लाई को बहाल करने का आश्वासन दिया। जिससे संतुष्ट लोगों ने सड़क मार्ग से जाम हटा लिया।

इस दौरान अशोक कुमार, बिक्रम सिंह, कौशल्या व बिमला ने बताया कि विभाग ने पाइप लाइन दबाकर ग्रामीणों को कैनाल बेस्ड नहरी पानी मुहैया करवाया है। उस दौरान ग्रामीणों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति की औसत से पानी उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया था, लेकिन बीते एक सप्ताह से कैनाल बेस्ड नहरी पानी की सप्लाई बंद पड़ी है। परेशान ग्रामीणों ने बुस्टर ऑपरेटर से संपर्क किया। उन्होंने तर्क दिया कि पीछे से वाटर टैंक में पानी कम हो गया। इसलिए विभाग ने पानी की राशनिंग प्रणाली के तहत वितरण करना आरंभ कर दिया। ऐसे में ग्रामीणों को जरूरत के अनुसार पानी मुहैया करवाना संभव नहीं हो पा रहा है। इसके बाद चिंतित ग्रामीणों ने विभाग के कनिष्ठ अभियंता को शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन उन्होंने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया। जिससे गुस्साएं ग्रामीणों ने सुबह नौ बजे गांव में बैठक का आयोजन किया और सड़क मार्ग को बाधित करने का निर्णय लिया। इसके बाद 15-20 की संख्या में महिलाएं व पुरुषों ने सुबह 10:30 बजे सड़क पर अवरोध डालकर यातायात व्यवस्था को बंद कर दिया। सूचना मिलने पर 11 बजे निजामपुर थाना इंचार्ज जगदीश प्रसाद दलबल सहित मौके पर आए और ग्रामीणों की समस्या सुनी।



#### भूजल स्रोत सूखे, पेयजल संकट

ग्रामीणों ने बताया कि बायल गांव पहाड़ की तलहटी पर बसा हुआ है। यहां पत्थरों की तपन तेज होने के कारण देर रात तक गर्म हवाएं चलती हैं। जिस कारण पानी की डिमांड अधिक रहती है। भूजलस्रोत सूखने के कारण बोरवेल बंद हो चुके, ऐसे में कैनाल बेस्ड नहरी पानी ही एकमात्र विकल्प रह गया है।

#### जल्द होगा समाधान

थाना इंचार्ज जगदीश प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों को डिमांड के अनुसार कैनाल बेस्ड नहीं पेयजल नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों की समस्या से अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। जल्द समस्या का समाधान होगा।



## आरोपित पूर्व चेयरमैन व बेटे की गिरफ्तारी को लेकर सैनी समाज के लोगों ने जलाया पुतला

- शिक्षा समिति के चेयरमैन रहे हैं आरोपी, पिता-पुत्र पर समाज की बात नहीं मानने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सैनी सभा भवन के समीप शुक्रवार को सैनी समाज के लोगों की ओर से दुष्प्रचार करने वाले आरोपित व उसके पिता का पुतला जलाकर अपना रोष व्यक्त किया। समाज के लोगों ने मांग की कि आरोपित की जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

प्रदर्शन कर रहे सैनी समाज के लोगों का कहना है कि आरोपित ने समाज की बेटी को बदनाम किया है। समाज द्वारा लगातार आरोपित व उसके पिता को समाज के सामने बुलाया जा रहा है, लेकिन पिता-पुत्र समाज की बात को मानने से इंकार कर रहे हैं। इससे सैनी समाज में काफी रोष है। उनका कहना है कि आरोपित के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को आरोपित को जल्द से जल्द करके बेटी का न्याय दिलाना चाहिए। उनका कहना है आरोपित की ओर से काफी समय से समाज की बेटी को परेशान किया जा रहा था। नाते में भतीजी लगने वाली बेटी के साथ ऐसी हरकत करना व ससुराल पक्ष से पैसे मांगने से समाज की बदनामी हुई है। इस मौके पर घनश्याम सैनी, हरिराम सैनी, होशियार सैनी, मास्टर दिनेश सैनी, सुनील सैनी, छोटेलाल सहित अनेक समाज की अनेक महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

### ब्लैक फिल्म लगे 50 वाहनों के काटे चालान

- जांच में शुक्रवार को काली फिल्म लगे मिले 27 वाहन, वीरवार को 23 के काटे थे चालान।
- जिले में चलाया जा रहा विशेष अभियान, 10 हजार तक हो सकता है जुर्माना

**नारनौल।** एसपी अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार डीएसपी ट्रैफिक मोहिंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर वाहन चालकों के चालान काटे। जिसके तहत पुलिस ने वीरवार को ब्लैक फिल्म लगे 23 वाहनों व शुक्रवार को ब्लैक फिल्म लगे 27 वाहनों के चालान काटे। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एसपी के निर्देशानुसार वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। ब्लैक फिल्म लगाने की वजह से वाहनों के अंदर कुछ दिखाई नहीं देता। जिसकी वजह से आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए लोगों की सुरक्षा के हित में पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### ऑटोमैटिक सिगनल प्रणाली का चल रहा कार्य

# निर्माण के चलते रेल सेवाएं होंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल पर गैटोर जगतपुरा-कानोता स्टेशनों के मध्य ऑटोमैटिक सिगनल प्रणाली कार्य के कारण ब्लॉक लिया जा रहा है। इस ब्लॉक हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। इस दौरान गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा व गाड़ी संख्या 09636 रेवाडी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा सात अप्रैल को प्रारम्भिक स्टेशन से रद्द रहेंगी।

#### यह रहेगा परिवर्तित मार्ग

गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा छह अप्रैल को भुज से प्रस्थान करेगी तथा यह




रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन से ट्रेन रींगस, नीम का थाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा छह अप्रैल को काठगोदाम से प्रस्थान करेगी तथा यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन से ट्रेन नारनौल, नीम का थाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 14733 बठिण्डा-जयपुर रेलसेवा छह अप्रैल को बठिण्डा से प्रस्थान करेगी और यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-जयपुर होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा नारनौल, नीम का थाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 14660 बाडमेर-जम्मूतवी रेलसेवा सात अप्रैल को बाडमेर से प्रस्थान करेगी तथा यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा रींगस, नीम का थाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।





दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।



दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी से मिलती हैं कई सुविधाएं



नालेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजात बच्चों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### गर्भवती महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## आंगनबाड़ी में देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## सुविधा लेने के लिए करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में दी जाती है अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

## विमानन एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पेशा

# छूना है आसमान, तो एविएशन में कोर्स करेगा आपका सपना पूरा



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

### युवाओं की बन रहा पहली पसंद

वर्तमान समय में दुनिया भर में हवाई सफर काफी महत्वपूर्ण हो चुका है। इसीलिए इसको काफी आसान और एडवांस भी बनाया जा चुका है तथा हर दिन इसमें नई नई तकनीक का उपयोग हो रहा है, ऐसी स्थिति में यहां पर अनेक तरह के विभाग और अनेक प्रकार के क्षेत्र देखने को मिलते हैं। जिनके तहत विभिन्न प्रकार के पद निर्धारित किए गए हैं। इन सभी पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाती है तो अगर आप भी एविएशन के क्षेत्र में करियर देखने की चाह रखते हैं, तो यह आपके लिए एक बेहतरीन मौका हो सकता है।



### क्या है एविएशन कोर्स

एविएशन कोर्स एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है जो उन छात्रों के लिए है जो एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को एक स्किल सेट और तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है जो उन्हें एविएशन उद्योग में काम करने में सक्षम बनाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एविएशन क्षेत्र में योग्य और तकनीकी संभावनाओं को उद्घाटित करना है। इस कोर्स को करने के बाद कोई भी छात्र एविएशन के क्षेत्र में अपने हुनर के आधार पर पद हासिल कर सकता है और आप भली-भांति जानते ही हैं कि वर्तमान समय में एविएशन के क्षेत्र में कितना बड़ा और कितना अच्छा स्कोप है।

### जरूरी योग्यताएं

*यह कोर्स काफी महत्वपूर्ण कोर्स है। इसीलिए इस कोर्स हेतु कुछ योग्यताएं निर्धारित की गई है जिसके आधार पर कोई भी विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है और इसको उसको करने के बाद एविएशन में अपना करियर देख सकता है। तो इस कोर्स के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित हैं*

- इस कोर्स के लिए उम्मीदवार की आयु कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- एवियशन कोर्स के लिए विद्यार्थी का बारहवीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- कुछ शिक्षण संस्थान इस कोर्स के लिए स्नातक डिग्री की भी मांग करते हैं।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए।
- एविएशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी को अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त होने चाहिए।
- विद्यार्थी को 12वीं कक्षा फिजिक्स और गणित विषय के साथ ही पास करनी होती है।
- विद्यार्थी के पास सभी प्रकार के पहचान और शैक्षणिक योग्यता वाले दस्तावेज होने चाहिए।

### फीस

*यह कोर्स कितना महत्वपूर्ण है और इसकी विशेषता तो अब तक आप जान चुके हैं, तो अब हम यह भी जान लेते हैं कि इस कोर्स को कराने वाले कॉलेज या शिक्षण संस्थान कितनी फीस वसूलते हैं। तो हम आपको बता देते हैं कि इस कोर्स की फीस अलग-अलग शिक्षण संस्थान पर निर्भर करती है। इसके अलावा जगह के आधार पर भी निर्भर करती है। लेकिन सामान्य तौर पर इस कोर्स के लिए विद्यार्थियों को 100000 से लेकर 500000 तक खर्च करने होते हैं। इसके अलावा भी विभिन्न प्रकार के खर्च हो जाते हैं। इस कोर्स की सही फीस पता करने के लिए शिक्षण संस्थान का चयन करके जानना होगा।*

### बेस्ट इंस्टिट्यूट

दुनिया भर की तरह भारत में अभी वर्तमान समय में काफी एविएशन कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट है जिनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ इंस्टिट्यूट के नाम हम आपको नीचे बता रहे हैं। आप इनमें से किसी भी इंस्टिट्यूट का चयन करके अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए एविएशन कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं —

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन
- टेक्नोलॉजी (दिल्ली)
- इंडियन एविएशन एकेडमी (मुंबई)
- राजस्थान विमान अकादमी (जोधपुर)
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी (उत्तर प्रदेश)
- एविएशन ट्रेनिंग सेंटर (हैदराबाद)

### एडमिशन कैसे लें

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए आपको सबसे पहले यह देखना है कि भारत में एवियशन कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थान और कॉलेज कौन-कौन से हैं। उसके बाद आपको यह देखना है कि आप कौन से शिक्षण संस्थान या कॉलेज के तहत कोर्स करना चाहते हैं, अब आपको उस इंस्टीट्यूट्स के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।

### एविएशन इंजीनियरिंग

एविएशन इंजीनियरिंग एक उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी कोर्स है, जो एयरक्राफ्ट की तकनीकी मरम्मत और परीक्षण से संबंधित होता है। इस कोर्स के माध्यम से उम्मीदवारों को एयरक्राफ्ट के संरचना, यांत्रिक विज्ञान, नवीनतम तकनीकी विकास और मरम्मत तकनीकों में सक्षमता प्राप्त होती है।

### एयर होस्टेस कोर्स

एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड एक लोकप्रिय एविएशन कोर्स है जिसमें उम्मीदवारों को एयरलाइंस के सेवा क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स में उम्मीदवारों को यात्री सुविधाओं, सुरक्षा के नियमों और सामाजिक और पेशेवर क्रियाकलापों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स से उम्मीदवार एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड के रूप में काम करने के लिए तैयार होते हैं।

### एविएशन मैनेजमेंट कोर्स

एविएशन मैनेजमेंट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो एविएशन क्षेत्र में प्रबंधन करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को एविएशन व्यवसाय के निर्माण, प्रबंधन, संचालन और विपणन के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को समाज और संचार माध्यमों के माध्यम से विपणन के बारे में भी शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स एक अधिकांश स्तरों पर उपलब्ध है जैसे कि स्नातक और स्नातकोत्तर तक।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स

एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो उड़ानों को नियंत्रित करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को उड़ानों के रूट और उनकी संख्या, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक विन्यास, फ्लाइट कंट्रोल तकनीक, टेक्निकल शब्दों का उपयोग और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है।

### पायलट कोर्स

पायलट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो विमान उड़ाने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को विमान उड़ाने की तकनीक, सुरक्षा सम्बंधित प्रक्रियाएं, उड़ान यात्रियों की रख-रखाव और उन्हें समय पर उनके गंतव्य पर पहुंचाने की शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एक अंतिम परीक्षा देनी होती है जिसके बाद वे उड़ान यात्रियों को सुरक्षित रूप से उड़ान देने के लिए पायलट बनने के लिए योग्य माने जाते हैं।

# बच्चों की भी तो सुनना सीखे माता-पिता तथा टीचर, हर बच्चा स्नेह का भूखा



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

क्या आपने माता-पिता या टीचर के स्थान पर रह कर बच्चों के मन को समझने की कौशिश की है, हो सकता है कुछ ने समझने का प्रयास किया है तथा कुछ शायद बिलकुल सुनने के लिए ही तैयार नहीं होते है क्योंकि कुछ पेरेंट्स अथवा टीचर अपने पिता या माता तथा टीचर के ओहदे से नीचे उतरने के लिए ही तैयार नहीं होते है। एक अध्यापक अपने को शिक्षक कम, अधिकारी ज्यादा समझता हैं, कुछ पेरेंट्स अपने अनुभव का इतना बखान करते है जो अपने ही बच्चो को कहीं बहुत नीचे छोड़ देते हैं। बहुत से पेरेंट्स को अपने बच्चों की बात सुनने का समय ही नहीं है , वो ये कहते है कि आप को जो चाहिए , पैसा , कपड़े , किताबे, बाइक , कार कुछ भी चाहिए, ले लो परंतु उनके पास समय नहीं हैं।

## टीचर होना, कोई नौकरी नहीं

टीचर को शायद बच्चों या आप उनको विद्यार्थी कह सकते है, उनको समझने या समझाने का सायक्लॉजिकल ज्ञान नही हैं, और ना ही कुछ टीचर समझना चाहते है क्योंकि वो अपने को शिक्षक समझते ही नही है, उनको शिक्षक होने का अर्थ ही नहीं समझ आता है, उनको शिक्षक होना इतना ही समझ आता है जैसे ये एक नौकरी है, और इससे पैसे मिलते है। मैं यहां ऐसे माननीय शिक्षको को कहना चाहता हूं कि आप अपने पद का अर्थ समझे ताकि आप सभी को अपने पद की गरिमा तथा गौरव समझ में आ सकें। टीचर होना, कोई नौकरी नहीं है ये राष्ट्र के बच्चों के चरित्र निर्माण की ड्यूटी हैं, उनके भविष्य को अच्छे से अच्छा बनाने का भी कर्तव्य हैं । यहां मैं ये नहीं कह रहा हूं कि केवल टीचर की ही ड्यूटी है, यहां माता पिता की ड्यूटी सबसे ज्यादा हैं। मैं ऐसे माता पिता से कहना चाहता हूं जिनके पास पैसे तो है लेकिन समय नहीं है, और केवल पैसों के दम पर अपने बच्चों का पालन पौषण करना चाहते है ऐसे माता पिता के बच्चें दो तरह से रिएक्ट करते हैं पहला तो वो कभी भी आप द्वारा किए जा रहे बिजनेस को नही अपनाएंगे क्योंकि उन्हें उस व्यवसाय के कारण कभी भी स्नेह नही मिल पाया , बच्चो को उस बिजनेस की वजह से दुलार प्यारा नही मिल पाया , दूसरा वो अपने पेरेंट्स को प्यार नही करेंगे क्योंकि जब बच्चों को उनके दुलार की जरूरत थी उस समय वो अपने कामों में बिजी रहें। दूसरा भागीदार है टीचर , जो बच्चों को केवल अपनी नौकरी के अनुसार समय तो देता है परंतु उनकी भीतर की भावनाओं को समझकर उनके मन की बात नही सुनते हैं इसलिए स्टूडेंट अपने टीचर को गुरु नही मानते हैं क्योंकि गुरु वही है जो उनकी रुचि के अनुसार उनकी स्किल को विकसित करने का कार्य करते है, उनकी पढ़ाई, उनके चारित्रिक विकास, उनके मनोभाव, उनकी दिनचर्या, उनके खानपान, उनके पसंद नापसंद का भी ध्यान रखे वहीं तो गुरु है, केवल अक्षर ज्ञान कराने वाले कभी भी गुरु नही बन पाते हैं।

## इन नियमों का पालन करें

प्रिय पेरेंट्स , अपने बच्चों को वो ही देना जो सबसे जरूरी है उस पर विमर्श करना बेहद आवश्यक है जैसे ;

- बच्चों के साथ रोज इंटरेक्ट करना।
- बच्चों के साथ एक समय का भौजन करना।
- अपने बच्चों के मन की बात सुनना। और उन्हें सुबह शाम वॉक पर लेकर जाएं तथा खूब बाते करें।
- बच्चों को पैसों से ज्यादा स्नेह देने की आदत विकसित करना।
- बच्चों को महीने में एक दिन किसी भी रिश्तेदार या मित्र के यहां लेकर जाना ताकि उनमें रिश्ते की समझ पैदा हो और झिझक दूर हो सकें।
- बच्चों को कभी भी पैसे से बहलाने की कौशिश ना करें, कभी लालच ना दें।
- बच्चों को कभी भी किसी से कंपेयर ना करें। इससे बच्चों में हीनभावना जन्म लेती हैं।
- अपने बच्चों को कभी भी नेगेटिव शब्दो से प्रताड़ित ना करें।
- बच्चों को प्रसन्न रहने के लिए प्रेरित करें। उनके साथ कुछ कहानी किस्से शेयर करें।
- अपने बच्चों को जीवन में ज्यादा संग्रह करना ना सिखाएं क्योंकि इस से अंतोदय के सूत्र को धक्का लगता हैं।

टीचर से भी विद्यार्थियों के लिए कुछ अपेक्षाएं हैं , हर शिक्षक उन्हे अपने जीवन में जरूर उतारने की कृपा करें, जैसे ; हर टीचर को हरेक विद्यार्थी में अपने खुद के बच्चों की सूरत दिखनी चाहिए। शिक्षक को उनकी कक्षा में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी एक समान लगने चाहिए। एक टीचर को हर विद्यार्थी की पांच स्किल पर ध्यान देना चाहिए, पहली स्वास्थ्य, दूसरी चरित्र निर्माण, तीसरा व्यक्तित्व विकास, चौथा उसकी संगत का ध्यान और पांचवी उसकी पढ़ाई लिखाई पर उचित ध्यान देना।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

# अब एसपीएससी क्लब रेनबो हॉस्पिटल के साथ मिलकर करेगा हाफ मैराथन का आयोजन

■ बिना सरकारी ग्रांट के तैयार किया खेल स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अटेली शहर के पास गांव नीरपुर राजपूत में सभी खेलों के लिए बेहतर खेल स्टेडियम का निर्माण भी किया गया है! जोकि दक्षिण हरियाणा का सबसे बड़ा पंचायत की ज़मीन पर बना खेल मैदान है। यहां पर रात के समय पर भी खेल आयोजन हो सके, इसके लिए फ़्लैड लाइट भी लग चुकी हैं।

यह गांव के युवाओं की सामूहिक शक्ति का जीता जागता उदाहरण हैं कि बिना किसी सरकारी मदद के ये क्लब खड़ा किया और गांव में विकास कार्य करवाएं। वर्तमान के क्लब में 120 के आसपास मेंबर्स हैं जिनमें डॉक्टर्स, इंजीनियर्स,



नारनौल। अटेली शहर के पास गांव नीरपुर में बिना सरकारी ग्रांट के तैयार खेल स्टेडियम।

कम्पनीज़ के प्लांट हेड आदि गणमान्य लोग लोग भी शामिल हैं।

**अब हाफ मैराथन की मेजबानी में जुटे युवाः** सम्राट पृथ्वीराज सोशल क्लब नीरपुर राजपूत, पीपल ट्री एवं रेनबो हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास से 14 अप्रैल को हाफ मैराथन का आयोजन करेगा। इसमें अलग-अलग श्रेणियों के सैकड़ों लोग अलग-अलग जिलो से हिस्सा लेंगे। जिन्हें एसपी अर्श वर्मा सुबह 5:30 बजे नारनौल में रेवाड़ी रोड स्थित बायपास परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन धावकों के उत्साहवर्धन के लिए उपायुक्त मोनिका गुप्ता व वानफेंग व्हील्स के सीईओ जिहोंग आई मुख्य रूप से मौजूद होंगे। इस संबंध में नीरपुर राजपूत के सरपंच रतनपालसिंह चौहान, क्लब के प्रेसिडेंट छत्रपालसिंह चौहान, सेक्रेटरी अमरपाल सिंह एवं रेनबो हॉस्पिटल से चिकित्सक पवन कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि नारनौल में पहली बार एक प्रोफेशनल हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

इसका उद्देश्य युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने, चुनावों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और मेरा पहला वोट देश के लिए जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देना हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर तो मिलता ही है, साथ ही राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा मिलता है। क्लब द्वारा समय-समय पर नशा मुक्ति अभियान व खेल प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते रहे है। इस आयोजन में स्कूलों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी सहयोगी बनने के लिए प्रेरित किया गया है।

मैराथन मार्ग पर धावकों के लिए मेडिकल सुविधा रेनबो मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही ग्लूकोस, एनर्जी ड्रिंक, फ्रूट सहित टॉयलेट की भी सुविधा रहेगी। मैराथन मार्ग में धावकों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए पूरे मार्ग पर वालंटियर की ड्यूटी लगाई गई है वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी भी नियुक्त किए गए हैं।

### यह रहेगा सम्मान पुरस्कार

■ 21 किलोमीटर ओपन कैटेगरी में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता महिला व पुरुष को 31000-31000 रुपये, द्वितीय विजेता महिला व पुरुष को 21000-21000 रुपये की राशि दी जाएगी।

■ 10 किलोमीटर ओपन कैटेगरी में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता महिला व पुरुष को 11000-11000 रुपये व द्वितीय विजेता महिला व पुरुष को 5100-5100 रुपये की राशि दी जाएगी।

■ पांच किलोमीटर ओपन कैटेगरी में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता महिला व पुरुष को 3100-3100 रुपये, द्वितीय विजेता महिला व पुरुष को 2100-2100 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### महिला कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक विस्तृत व्याख्यान तथा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विस्तृत व्याख्यान निजी हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति हुड्डा द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने छात्रों को मेंसुरेशन हेल्थ के बारे में विस्तार से बताया। हॉस्पिटल की ही स्वास्थ्य टीम ने डायरेक्टर अनिल कुमार तथा डॉ. महेंद्र कुमार एवं सचिन यादव के नेतृत्व में महाविद्यालय की छात्राओं के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की।

### पथरवा में प्ले स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन

**सतनाली मंडी।** खंड के गांव पथरवा के आंगनबाड़ी केंद्र में प्ले स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पार्षद बाबा बचनाई नाथ मुख्य अतिथि थे। पंचायत समिति चेयरपर्सन मोनिका पथरवा विशिष्ट अतिथि रही। अध्यक्षता सरपंच पथरवा अरूणा देवी ने की।

### विवाहिता आधी रात घर से लापता, शिकायत दर्ज

**नारनौल।** जिला में ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा, जब विवाहिता या लड़की घर से लापता नहीं हो रही। सदर थाना के अधीन गांव में रहने वाले शिकायतकर्ता ने बताया है कि बुधवार की रात वह पत्नी के साथ कमरे में सो रहा था। रात करीब दो से ढाई बजे के बीच जब आंख खुली तो पत्नी कमरे में नहीं थी। यह देख माता को जगाया और हम दोनों ने काफी जगह तलाश की, पत्नी नहीं मिली। इसी दौरान घर में सवामणी करने के लिए रखे 89 हजार रुपये गायब मिले। यहीं नहीं, शादी में जो आभूषण पत्नी को दिए थे। उनमें पायजेब 250 ग्राम, सोने के टॉपस भी गायब थे।

## बैजनाथ चौधरी महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# स्वीप एक्टिविटीः प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का दिया संदेश

■ एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य युवा मतदाताओं को मतदान के बारे में जागरूक कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इस बार लोकसभा चुनाव में युवा मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने शुक्रवार को बैजनाथ चौधरी महिला महाविद्यालय में चुनाव कार्यालय की ओर से आयोजित स्वीप कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर एडीसी ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर एक अच्छा प्रतिनिधि चुने। एक अच्छा प्रतिनिधि ही क्षेत्र का सही विकास करवा सकता है। उन्होंने कहा कि 25 मई को समय निकालकर सभी मतदाता इस महापर्व में अपने मत का प्रयोग कर अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता यह न सोचे कि मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है। कई बार एक वोट से ही हार जीत हो जाती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह बड़े बुजुगार्ं व अपने आसपास के





नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिरिक्त उपायुक्त तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के बारे में जागरूक करते विद्यार्थी।

■ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं का किया सम्मान

लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक कर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जिन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है, वह 16 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। इस अवसर पर मतदान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्मानित किया। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने सेल्फी पॉइंट पर जाकर सेल्फी लेकर युवाओं को मतदान के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर आईटीआई नारनौल व महिला महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर तहसीलदार निशा, बैजनाथ चौधरी महिला महाविद्यालय प्राचार्या डा. अनीता तंवर, शहीद मेजर सतीश दहिया महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अनिल यादव ने भी युवाओं को मतदान के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव, चुनाव कार्यालय से चुनाव कानूनगो राजपाल, कृष्ण के अलावा कॉलेज स्टॉफ मौजूद था।



नारनौल। पार्षद मनोज सैनी को पटका ओढ़ाकर पार्टी में शामिल करते मंत्री अभयसिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

# जजपा छोड़ भाजपाई हुए पार्षद मनोज सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

■ सिंचाई मंत्री डा. अभयसिंह यादव ने भाजपा पटका ओढ़ाकर पार्टी में किया शामिल

नगर परिषद में लगातार दूसरी बार पार्षद चुने गए मनोज सैनी अब भाजपाई हो गए है। उन्होंने जजपा पार्टी को छोड़ दिया है। शुक्रवार को उनको भाजपा पटका ओढ़ाकर सिंचाई मंत्री डा. अभयसिंह यादव ने भाजपा में शामिल करवाया। आपको बताते चले कि मनोज सैनी उर्फ बिल्लू का शांत स्वभाव है। उन्होंने अपने वार्ड 17 में करोड़ों की लागत से गली-मौहल्लों की सड़कों को पक्का करवाने में पूरा सहयोग किया। वार्ड से जुड़े गरीब तबके की सेवा करने का ही परिणाम रहा कि वे लगातार दूसरी बार भी भारी बहुमत से पार्षद बने। उन्हें 1072 वोट मिले। दूसरे नंबर पर सुरेश कुमार को 454 वोट मिले थे। इस तरह 618 वोटों से जीत हासिल की थी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव, पार्षद मोहनलाल शर्मा, पार्षद कपिल यादव, पार्षद मुकेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा व ठेकेदार किशोरीलाल सैनी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। कार्यशाला के प्रतिभागी विशेषज्ञ व शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# हकेंवि में शिक्षा विभाग में रंगमंच पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित

■ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा में रंगमंच विषय पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग में रंगमंच विषय पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाट्य विशेषज्ञ प्रो. महेंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए रंगमंच में शिक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही यह आयोजन हो रहा है। अवश्य ही विद्यार्थी इससे लाभान्वित होंगे। विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने नाट्य विशेषज्ञ प्रो. महेंद्र कुमार का परिचय प्रस्तुत किया। तीन सत्रों में आयोजित इस में कार्यशाला में प्रो. महेंद्र कुमार ने शिक्षा में रंगमंच की भूमिका पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को नाट्य व अन्य प्रदर्शनकारी कलाओं से अवगत कराया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा में रंगमंच विषय पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. मुकेश उपाध्याय तथा दिलीप पटेल द्वारा किया गया। कार्यशाला के अंत में प्रो. नंदकिशोर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

### छितरोली में 101 वर्षीय महिला प्यारीदेवी के निधन पर विधायक ने जताया शोक

**कनीना।** खंड के गांव छितरोली निवासी 101 वर्षीय महिला प्यारी देवी का निधन हो गया। सामाजिक व धार्मिक विचारों वाली महिला



अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार छितरोली के रामबाग में किया गया। दिलचस्प बात है कि प्यारी देवी ने अनपढ़ होते हुए अपने बेटे-बेटियों को अच्छी तालीम दिलाकर कामयाब किया। उनका बेटा कप्तान हजारीलाल, सतबीर सिंह, राजपाल, मास्टर हवासिंह, दयाकौर, संतरा समाज में अहम स्थान बनाए हुए हैं। उनकी मेहनत व निष्ठा को सदैव याद रखा जाएगा। उनके निधन पर विधायक सीताराम यादव ने शोक जताते हुए कहा कि जन्म-मृत्यु, लाभ-हानि ईश्वर के आधीन है। उनकी आत्मिक शांति के लिए आगामी 12 अप्रैल को दोपहर तीन बजे छितरोली में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दयानंद, सूबेदार सुखबीर सिंह, प्रताप सिंह, रामकुमार, हवलदार शंकरलाल, बलवान सिंह, मातुराम, महिपाल सिंह, सचिव रामफल, अक्षय कुमार, राजसिंह, नरेंद्र शास्त्री, नपा चेयरमैन सतीश जेलदार, चंद्रभान, राजबीर सिंह मौजूद थे।

# ऑल इंडिया पांचवें आरपीएस ओलंपियाड के विजेता सम्मानित

■ विजेताओं को स्कूटी, टेबलेट, साइकिल व स्पोर्ट्स किट प्रदान कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आरपीएस ओलंपियाड के सेकेंड फेज में चयनित छात्र-छात्राओं के लिए पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूटी सहित अन्य पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव मुख्यातिथि रही, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने मां सरस्वती के समक्ष प्रज्वलित कर किया। भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुरू हुए कार्यक्रम का आनंद विद्यालय के सभी बच्चों व अभिभावकों ने उठाया। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आज अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर वास्तव में जागरूक हो चुका है। वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों के साथ आए अभिभावकों को विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए यहां पहुंचने पर धन्यवाद किया। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ओलंपियाड में बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके पर उपप्राचार्य दिनेश कमार, डीन एलएन गौड़, विंग हैड जिले सिंह, देवेंद्र पूनिया, अमित कुमार, ममता यादव व अनीता अहलावत आदि उपस्थित रहे।





महेंद्रगढ़। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 400 विजेताओं कैटेगरी वाइज दिए पुरस्कार

प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा की आरपीएस ग्रुप बच्चों को उचित मंच प्रदान कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इसी का परिणाम है कि आज आरपीएस ग्रुप के बच्चे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि प्रथम चरण में सफलता पाने वाले बच्चों के लिए आरपीएस ओलंपियाड के दूसरे फेज की परीक्षा का आयोजन आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी 17 परीक्षा केंद्रों पर प्रतिभागियों की सुविधा अनुसार किया गया था। इस परीक्षा में चयनित प्रतिभाशाली बच्चों के लिए पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। पारितोषिक वितरण समारोह में अलग-अलग वर्गों में विजेताओं को स्कूटी, टेबलेट, साइकिल व स्पोर्ट्स किट प्रदान कर सम्मानित किया। ओलंपियाड के 400 विजेताओं को कैटेगरी वाइज विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# राजकीय महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन आठ अप्रैल को महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। महाविद्यालय के एलुमिनी एसोसिएशन के प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने बताया कि यह सम्मेलन पूर्व छात्रों के बीच नेटवर्किंग, अनुभव साझा करने और विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा। सम्मेलन में पूर्व छात्रों के अनुभवों और सफलताओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेंगे, जो



महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करेगा। सम्मेलन के माध्यम से महाविद्यालय में वर्तमान में पढ़ रहे विद्यार्थियों को संदेश दिया जाएगा कि वे अपने सपनों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें और अपनी क्षमताओं को पूरी तरह से विकसित करें। साथ ही महाविद्यालय के विकास की रूपरेखा तैयार की जा सके व महाविद्यालय को स्थानीय समाज एवं उद्योग का भी सहयोग मिल सके ताकि महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को करियर में नए अवसर मिल सके। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी पूर्व छात्र उत्साहित होंगे और नए उत्कृष्ट समय की ओर अग्रसर होंगे। इस सामाजिक और शैक्षिक घटना में भाग लेने के लिए सामर्थ्य और उत्साह के साथ आमंत्रित करते हैं।

# हस्ती देवी जन कल्यानार्थ समिति की ओर से लगेंगे चिकित्सा कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हस्ती देवी जन कल्यानार्थ समिति की ओर से रविवार को शहर के मोहल्ला महायचान स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सुबह नौ से 12 बजे तक किया जाएगा। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि बहुत से लोग आर्थिक कारणों बीमारियों का उपचार नहीं करवा पाते ऐसे लोगों की सुवा के लिए हस्ती देवी जन कल्यानार्थ समिति की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उधर खातोदड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी हस्ती देवी जन कल्याणनार्थ समिति की ओर से दोपहर 12.30 से शाम 3.30 बजे तक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में पहुंचकर अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

## विभाग की ओर से पुराने आदेशों को लिया वापस

# मॉडल संस्कृति स्कूलों में हिंदी माध्यम से भी होंगे दाखिले

■ पहली कक्षा में अब भी अंग्रेजी माध्यम से होंगे दाखिला, 10 अप्रैल तक चलेगी दाखिला प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

प्रदेश के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में अब फिर से हिंदी माध्यम से विद्यार्थियों को दाखिले होंगे। विभाग की ओर से पिछले दिनों जारी किए अंग्रेजी माध्यम से दाखिले के आदेश वापस ले लिए हैं। हालांकि अब कक्षा पहली में केवल अंग्रेजी माध्यम से दाखिले होंगे। बता दें कि बता दें कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त होने के बाद भी राजकीय स्कूलों से आने वाले छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण मॉडल संस्कृति स्कूल में हिंदी माध्यम में दाखिले दे दिए जाते थे। नए शिक्षा सत्र से विद्यार्थियों को हिंदी माध्यम में दाखिला नहीं करने के आदेश जारी किए हैं। लेकिन एक बार फिर विभाग की ओर से अपने फैसले को बदल दिया हैं। विभाग की ओर से दोबारा से आदेश जारी करते हुए अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ हिंदी माध्यम से दाखिला करने की छूट की गई हैं। विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूल विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक कर सीटों का निर्धारण करें।

### ये रहेगा दाखिला शुल्क व मासिक फीस

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किए दाखिला शेड्यूल के अनुसार कक्षा पहली से पांचवीं की एकमुश्त दाखिला शुल्क 500 रुपये और कक्षा छठी से 12वीं की एकमुश्त दाखिला शुल्क 1000 रुपये है। तीसरी कक्षा तक मासिक फीस 200 रुपये और चौथी-पांचवीं के लिए 250 रुपये देनी होगी। इसी प्रकार कक्षा छठी से आठवीं 300 रुपये, नौवीं व दसवीं के बच्चों के लिए 400 रुपये व 11वीं से 12वीं के लिए 500 रुपये मासिक फीस निर्धारित की गई है।

### इन दस्तावेजों का होना अनिवार्य

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थियों के पास जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता अथवा सरंक्षक का आयु के लिए शपथ पत्र, रिहायश प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, विभाग द्वारा पहले से हीं तैयार किए गए आवेदन फार्म पर भरना होगा। यह आवेदन फार्म स्कूल द्वारा माता-पिता को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा।

# राजकीय महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

राजकीय महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. जरनैल सिंह ने बताया कि व्याख्यान का विषय विलियम सेक्सपीयर एज ए ड्रामाटिस्ट रहा। उन्होंने विलियम सेक्सपीयर के जीवन, नाटक, ड्रामा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कमल रोहिल्ला प्रथम, मोनिका द्वितीय, कविता व रोहित ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य विरेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि अंग्रेजी बहुत अच्छा विषय है।



सतनाली मंडी। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ कार्यक्रम अधिकारी।

अगर इस विषय को रूचि लेकर पढ़ा जाए तो देश-विदेश में रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त होते हैं। डा. सुधीर लांबा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को कैरियर बनाने में सहायता मिलती है। इस मौके पर डा. कमला, संजय, डा. नीलम, डा. आशीष, अमित मलिक, अमित सांगवान, राकेश, डा. रेखा शेखावत, डा. सुनीता, अजीत सिंह, श्वेता, पिंकी, पूजा, अनिल कुमार, पूजा, रविशंकर आदि मौजूद थे।

# चौ. रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में व्यायामशाला तोड़ने पर नपा के जेई को कांग्रेसियों ने सुनाई खरी-खरी

- मार्च 2020 में हुआ था उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़





महेंद्रगढ़। नगर पालिका जेई मनोज कुमार से बाते करते कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा नगर पालिका कार्यालय में प्रशासन के प्रति नारेबाजी करते हुए और तोड़ी गई पार्क में बनाई जा रही व्यायामशाला। फोटो: हरिभूमि

शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में विधायक राव दान सिंह व आमजन के सहयोग से किए जा रहे विकास कार्य रोकने को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के प्रति नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर पालिका प्रशासन ने चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में बनाए जा रही व्यायामशाला को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ दिया गया। पार्क में व्यायामशाला तोड़ने को लेकर नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका जेई मनोज कुमार को खूब खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जेई से कहा कि नपा ने किस ऑर्डर के तहत पार्क में व्यायामशाला को तोड़ा है, लेकिन जेई ने कार्यकर्ताओं से कहा कि उसे इस बारे में कुछ नहीं पता। आप लोग एमई व सचिव से बात कर सकते हैं। इसके बाद जेई ने उच्च अधिकारियों से फोन माध्यम से संपर्क किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन के प्रति नारेबाजी करते हुए कार्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शहर में नारेबाजी करते हुए सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर आरोपितों के खिलाफ कार्र्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि विधायक राव दान सिंह ने दिसबंर-2023 में चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क का भ्रमण करते हुए लोगों को पार्क में घूमने के साथ अन्य कई सुविधाएं देने की घोषणा की थी। विधायक राव दानसिंह व आमलन के सहयोग से पार्क में तीन दुकान, योगा सेंटर व बैडमिंटन का निर्माण कराया जाने की घोषणा की थी। पार्क में बनने वाली तीन दुकानों में एक जुस की दुकान, अखबार रीडिंग की दुकान तथा एक गरोसरी की दुकान खोली जानी थी। नव वर्ष में पार्क में इसका निर्माण कार्य शुरू हो गया था। यह भी बता दें कि शहर का एकमात्र चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क 11 साल पूर्व बनाया गया था। इस पार्क का उद्घाटन तत्कालीन सीएम चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 20 मई 2012 को किया था। पार्क को दस एकड़ भूमि में विदेशी घास एवं पौधों के साथ विकसित किया गया था। पार्क में बच्चों के लिए झूले भी लगाए गए थे। पार्क में बस स्टैंड की तरफ खाली पड़ी जगह में तीन दुकानों के अलावा बैडमिंटन कोर्ट व योगा सेंटर बनाया जाना था। सबसे पहले इस जगह में करीब ढाई से तीन फीट मिट्टी डाली गई थी। दुकान का निर्माण व बैडमिंटन कोर्ट व योगा सेंटर का निर्माण का कार्य किया जाना था। खाली पड़ी जगह पर व्यायामशाला का कार्य जारी था, लेकिन शुक्रवार को नगर पालिका की ओर से निर्माणधीन व्यायामशाला को तोड़ दिया गया है। इसी से नाराज होकर लोगों ने नगर पालिका में धरना प्रदर्शन व पुलिस थाने में शिकायत दी है। इस मौके राव दान सिंह के निजी सचिव सूबेदार हरिसिंह, यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव, पार्षद प्रतिनिधी चेतन यादव, कांग्रेसी नेत्री बाला देवी, पूर्व नगर पार्षद विजय महायच, राजेश गुप्ता, संजय झगडौली, रोशनलाल, संजय रिवासा, कृष्ण कुमार, राजेश जांगड़ा, छोटूराम, राजबाला देवी, रामवीर सिंह व राकेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस थाने में दी शिकायत

शहर के लोगों ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में वर्तमान विधायक राव दानसिंह व आमजन के सहयोग से चंदा एकत्रित करके आम जान की सुविधा के लिए व्यायामशाला का निर्माण करवा रहे थे। शुक्रवार को अचानक नगर पालिका सचिव, पालिका अभियंता व कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार ने बिना कोई नोटिस जारी किए व्यायामशाला के कार्य को तुड़वा दिया है, जो कि गलत है। आमजन के सहयोग से पहले भी तीन लाख रुपये एकत्रित करके इस पार्क में लोगों की सुविधा दी गई थी, जोकि प्रशासन इस कार्य में नाकाम रहे हैं। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि व्यायामशाला को तोड़ने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ सड़क दुघर्टना का मामला दर्ज किया है। गांव नांगल खोड़िया निवासी रामचरण ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि गत 24 मार्च को उसकी माता पिस्ता देवी अपने पीहर गांव ताजपुर के लिए बस द्वारा आ रही थी, जब बस ताजपुर बस अड्डा के पास पहुंची तो बस अड्डा से थोड़ी दूर आगे शनि मंदिर के पास बस ने उतार दिया। सड़क की सही साइड में खड़ी बस आने का इंतजार कर रही थी तो इसी दौरान नारनौल की तरफ से एक मोटरसाईकल चालक ने उसकी मां को टक्कर मार दी।

### कैलाश प्रधान व भगवान सिंह बने महासचिव

**मंडी अटेली।** हरियाणा दलित साहित्य अकादमी की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष रोहतास सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में बिहाली की अनुसूचित जाति चौपाल में बैठक कर सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें कैलाश चंद को अध्यक्ष, राजकुमार व सूरजभान को उपाध्यक्ष, भगवान सिंह को महासचिव, लाल चंद को संयुक्त सचिव, धीरसिंह को कोषाध्यक्ष, राजूराम को संगठन सचिव, सोना देवी व बबीता देवी को महिला विंग सचिव, हरिश कुमार को सलाहकार तथा रामानंद, राकेश कुमार व सुंदरलाल को सदस्य बनाया।

### सुबह से ही वाहन आने से रेलवे फाटक पार तक आधे सड़क मार्ग पर खड़े रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली

# कनीना मंडी में सरसों से लदे वाहनों की लगी कतार, पुलिस ने संभाला मोर्चा

- कई बार आई जाम की नोबत, पुलिस कर्मचारियों ने बहाल की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



कनीना। मंडी गेट पर खरीद व्यवस्था का जायजा लेते टीम इंचार्ज संजय वर्मा व मार्केट कमेटी सचिव नुकूल यादव। फोटो: हरिभूमि

मंडी में शुक्रवार को सरसों बेचने वाले किसानों के वाहनों की बढ़ती संख्या को लेकर पुलिस कर्मचारियों में मोर्चा संभाल कर व्यवस्था बनाई। सुबह से ही सरसों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप आने से कनीना-अटेली मार्ग रेलवे क्रॉसिंग फाटक पार से लेकर मंडी गेट तक कतार लग गई। जिससे कई बार सड़क जाम की समस्या भी उत्पन्न हुई। पुलिस के ईआरवी वाहन पर तैनात पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था बहाल की। शुक्रवार को मंडी में करीब 13 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की गई।

मंडी में एंट्री करने वाले प्रत्येक वाहन को गेट पास जारी कर धर्मकांटे पर बिना किसी शुल्क के भरे व खाली वाहनों का वजन किया गया। दोनों कांटों के बराबर कार्य करने से एकसाथ दो वाहन क्लीयर हुए। फिलहाल सरसों की खरीद नैफेड के लिए की जा रही है। खरीद अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को 4525 क्विंटल, मंगलवार को 9206 क्विंटल, बुधवार को 12140 क्विंटल, वीरवार को 10280 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। खरीदी गई सरसों में से 2265 क्विंटल का उठान किया गया। वाहनों में जीपीएस सिस्टम नहीं होने के कारण तीन दिन तक सरसों का उठान कार्य नहीं हो सका। वहीं दूसरी ओर अभी गेहूं की आवक शुरू नहीं हुई है।

सरसों खरीद एजेंसी हैफेड के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सरसों का भुगतान किसानों को डीबीटी के माध्यम से 72 घंटे के अंतराल में किया जा रहा है। खरीदी गई सरसों स्टेट वेयर हाउस गोदाम में रखी जा रही है। मार्केट कमेटी सचिव नुकूल यादव ने बताया कि सुबह आठ बजे से सायं चार बजे तक किसानों को गेटपास जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की सरसों का दाना-दाना खरीदा जाएगा, लेकिन वे धैर्य रखे, खरीद प्रक्रिया लंबी चलेगी। सभी किसान आसानी से अपनी सरसों बेच सेकेंगे। मंडी में आने वाले किसानों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इस मौके पर हैफेड के चेयरमैन एडवोकेट वीरेंद्र दीक्षित, सतीश, कुलदीप, आदेश, सुनील, रविंद्र, राजीव, वीरेंद्र सिंह, भरपूर सिंह आदि मौजूद रहे।

### मुख्य प्रशासक की टीम ने किया मंडी का दौरा

मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश आहुजा की ओर से मंडियों में फसल खरीद व्यवस्था परखने तथा सुचारू रूप से खरीद कार्य किए जाने के मकसद से छह टीमें गठित की गई हैं, जो प्रदेश की विभिन्न मंडियों का दौर कर औचक निरीक्षण कर रही हैं। इसी कड़ी में तीन सदस्यीय टीम में शामिल इंचार्ज वरिष्ठ कृषि व्यवसायिक प्रबंधक संजय वर्मा पंचकूला, कृषि व्यवसाय प्रबंधक महावीर भट्टी सिरसा, एबीएम अनिल कुमार सोनीपत ने शुक्रवार को अनाज मंडी का औचक निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। करीब दो घंटे रूकी टीम ने किसानों से भी बातचीत की और बिजली, पानी, छायां, साफ-सफाई को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कांटे पर वजन करवा रहे वाहनों का निरीक्षण कर गेट पास प्रक्रिया का भी जायजा लिया। किसानों ने मार्केट कमेटी प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की। यह टीम प्रदेश के चार जिले महेंद्रगढ़, झज्जर, रोहतक व सोनीपत जिले की मंडियों का निरीक्षण करेगी।

### मंडी में 8 हजार क्विं. लेकर पहुंचे 420 किसान

**नांगल चौधरी।** अनाज मंडी में शुक्रवार को साढ़े आठ हजार कट्टों की आवक हुई है। दूसरी ओर 14 हजार कट्टों का उठान होने से किसानों को ढेरी लगाने में सुविधा रही है, लेकिन खरीद की रफ्तार धीमी होने के कारण किसानों को दिनभर मंडी में इधर-उधर भटकना पड़ा। आपको बता दें कि मंडी में 29 मार्च से सरसों की खरीद आरंभ हो गई थी, लेकिन लिफ्टिंग का टैंडर 31 मार्च को खत्म होना था, जिस कारण मंडी में उठान शुरू नहीं हो पाया। एक अप्रैल को नए ठेकेदार ने उठान शुरू किया था। चार दिन में उन्होंने करीब 35 हजार से अधिक कट्टों की लिफ्टिंग करवा दी है। शुक्रवार को आसमान में बादल होने के कारण किसानों को बारिश होने का अंदेशा था, जिस कारण आवक भी उम्मीद से कम रही है। टीनशेड के नीचे उठान होने के कारण किसानों को ढेरी लगाने में परेशानी नहीं रही, लेकिन खरीद की रफ्तार धीमी होने के कारण किसान परेशान देखे गए। किसानों ने बताया कि 5-10 ढेरी खरीदने के बाद कमेटी रिकॉर्ड मिलान या चाय पीने में व्यस्त हो जाती है। ऐसे में सुबह सरसों लेकर आए किसानों की सरसों शाम तीन बजे तक बिक पाई। मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि शुक्रवार को 420 किसानों के टोकन काटे गए हैं, जिन्होंने 8432 क्विंटन सरसों दर्ज करवाई। खरीद कमेटी के इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि मंडी में चार अप्रैल को टोकन नहीं कटे, पेंडिंग ढेरियों को खरीदा गया। शुक्रवार को आठ हजार कट्टों से अधिक आवक हुई है, जिनकी देर शाम तक निर्धारित मापदंडानुसार खरीद कर ली जाएगी।



नारनौल। अनाज मंडी में फसल खरीद का जायजा लेती उपायुक्त मोनिका गुप्ता।

## डीसी ने फसल खरीद के दो प्वाइंट बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- अटेली मंडी का निरीक्षण करने पहुंची थी डीसी

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शुक्रवार को अटेली की अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रबी फसल की सरकारी खरीद का जायजा लिया व किसानों की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने मंडी में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान किसानों की मांग पर डीसी ने खरीद के लिए मंडी में एक की बजाए दो प्वांइट बनाने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को ज्यादा देर तक इंतजार ना करना पड़े। उन्होंने बरसात की संभावना देखते हुए अधिकारियों को यहां पर पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह से सूखाकर तथा साफ करके मंडी में लाएं। सरसों में आठ प्रतिशत से अधिक नमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान डीसी ने किसान कैंटीन के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद डीसी ने वेयर हाउस का भी दौरा किया। यहां पर उन्होंने और अधिक ट्रक व लेबर लगाने के निर्देश दिए। अनाज मंडी में बिजली, पानी शौचालय सहित तमाम तरह की सुविधाएं होनी चाहिए। एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह व सचिव सुनिता के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### आज सतनाली, महेंद्रगढ़ व कनीना की मंडियों में नहीं काटे जाएंगे टोकन

**नारनौल।** मंडियों में अधिक मात्रा में सरसों आने तथा उठान कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से सतनाली, महेंद्रगढ़ व कनीना में छह अप्रैल को किसानों को टोकन जारी नहीं किए जाएंगे। अब आठ अप्रैल को सोमवार से इन मंडियों में सुचारू रूप से रबी फसल की खरीद शुरू होगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिले की तीन मंडियों सतनाली, महेंद्रगढ़ व कनीना में अधिक मात्रा में सरसों आने के कारण उठान कार्य प्रभावित हो रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शनिवार को इन तीन मंडियों में टोकन जारी न करने का फैसला लिया है। इस दौरान पहले बची हुई सरसों की खरीद तथा उठान किया जाएगा।

## अंडरपास निर्माण के चलते बंद किए गए रास्ते से व्यापारियों और लोगों में रोष




मंडी अटेली। अंडरपास बंद करने पर रेलवे के सहायक अभियंता कमलेश के सामने विरोध करते व्यापारी व लोग तथा मुख्य बाजार में अंडरपास बंद करके लगाया गया अवरोधक। फोटो: हरिभूमि

- लोगों को ज्यादा दूरी तय करने से लोगों हुए गुस्सा, कस्बा वासी विधायक सीताराम के कार्यालय पर पहुंच कर अपनी पीड़ा बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

रेवाड़ी वाया नारनौल-रींगस रेलमार्ग के दोहरीकरण के कारण मंडी अटेली के मुख्य बाजार में अंडरपास (आरयूबी 27 ए) आगामी 40 दिनों तक बंद करने पर अटेली के व्यापारियों में रोष फैल गया और वह शुक्रवार देर सायं करीब 6 बजे काम रूकवाने के लिए अंडरपास पर पहुंच गए। अंडरपास के दिनभर बंद होने से व्यापारी व दुकानदारों में भारी रोष देखा गया। विधायक सीताराम के कार्यालय पर पहुंचे और अपनी पीड़ा व्यक्त की। अंडरपास बंद होने की समस्या को लेकर पार्षद डॉ. राजकुमार, संजय गोयल, युवा नेता हिमांशु गोयल, विपिन दुर्गा, बेदप्रकाश, महेंद्र सिसोदिया, विकी पंजाबी, धर्मेंद्र सरपंच, किशन सैनी, रतनलाल गर्ग व जितेंद्र सिंघल आदि ने बताया कि अंडरपास के बंद होने से एक तरह से उनकी आवागमन बंद हो गया है। इतने लंबे समय तक बंद होने से लोगों की समस्याएं बढ़ जाएगी। व्यापारियों का कहना था कि इतने दिनों तक अंडरपास के मुख्य रास्ते को बंद करने के लिए व्यापारियों से किसी प्रकार की मंत्रणा नहीं हुई। आनन-फानन में रास्ते को बंद करने से अंडरपास के दूसरे हिस्से के लोगों ने मौके पर पहुंच कर रेलवे के सहायक अभियंता कमलेश कुमार के सामने अपना रोष प्रकट किया।

## भिवानी-दादरी की हमारी और यहां बहादुर को जीताने की आपकी जिम्मेदारी

- जजपा उम्मीदवार राव बहादुरसिंह बोले...यह मेरी लड़ाई नहीं, आने वाली पीढ़ी के भविष्य की लड़ाई

हरिभमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

जजपा सुप्रीमों डा. अजय सिंह चौटाला भिवानी महेंद्रगढ़ से उम्मीदवार राव बहादुर सिंह के पक्ष में प्रचार करते हुए दूसरे दिन गांव कांटी, खेड़ी, नावदी, रामपुरा, बिहाली, शैदपुर, नीरपुर व नांगल अटेली में पहुंचे और ग्रामीणों को संबोधित किया। जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा भी मौजूद रहे। डा. अजय सिंह चौटाला ने स्पष्ट तौर पर कहा कि भिवानी-दादरी से राव बहादुरसिंह को जीताने की जिम्मेवारी हमारी है। यहां महेंद्रगढ़ जिला से आप सब लोग मिलकर साथ दें। ऐसा हो जाने के बाद बतौर सांसद राव बहादुरसिंह भविष्य में आपके क्षेत्र की जनहित से जुड़ी डिमांड को संसद में उठाने का कार्य करेंगे। यह वायदा है। डा. अजयसिंह चौटाला ने कहा कि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में नौ विधानसभा क्षेत्र है। इनमें से पांच लोकसभा क्षेत्र जिसमें भिवानी व दादरी जिला शामिल है, यहां से राव बहादुरसिंह को जीताने का कार्य हमारा है, यहां आपके स्थानीय जिला से जिम्मेवारी आप सब लोगों की है। अभी से सभी लामबंद होकर चुनावी रणनीति पर काम करना शुरू कर दें।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवरसिंह कलवाड़ी, एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, सिकंदर गहली, युद्धवीर पालड़ी, कुलदीप कलवाड़ी, बेदु रातां, हरचंद तोबड़ा, डा. राजकुमार यादव, सरपंच विकास यादव सैदपुर, राजकुमार जांगड़ा, कर्मवीर यादव, विजय छिलरो, विरेंद्र घाटासेर, महेंद्र खन्ना, प्रीतम सरपंच रातां, हरिओम मेई, लक्ष्य तोबड़ा, कर्मबीर यादव, थावर सिंह, कैशव वर्मा, सुनील चौहान, सुनील राव, रामनिवास थानेदार, दीपक यादव, योगी आदलपुर, अभिषेक गुराहवटा, दिनेश रातां, अमित भांखरी, रवि भालोठिया सहित पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## एनएच 152-डी पर कट की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 390वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता हंसकुमार सेहलंग ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की वजह से कट का कार्य अटका पड़ा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। इस मौके पर रणधीर पहलवान, नरेंद्र शास्त्री छितरोली, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, लक्ष्मण सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, नरेंद्र शास्त्री, मुंशीराम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेरसिंह आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल मीडिया में रोजगार से जुड़ी तकनीकी बारीकियों की दी जानकारी

- हकेंवि में कार्यशाला का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शुक्रवार को फेक्ट चैकिंग पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पत्रकार एवं फेक्ट चैकर मोहम्मद फहाद विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में विशेषज्ञ मोहम्मद फहाद ने कहा कि तथ्यात्मक समाचार एवं सूचनाएं आमजन तक पहुंचाना पत्रकार का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया के प्रसार के साथ ही दुनिया में भ्रमित सूचनाएं लगातार पहुंच रही हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से इन्हें बनाना व सांझा करना आसान हो गया है। ऐसे में भ्रमित सूचनाओं की पहचान, उनकी रोकथाम व उसके बारे में जागरूरकता वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। डिजिटल मीडिया में गति है, लेकिन सत्यता एवं तथ्यपरकता बनाए रखने का दायित्व भी पत्रकार का है। मोहम्मद फहाद ने डिजिटल मीडिया की बारीकियों से अवगत करवाते हुए आर्गेनिट ट्रैफिक, अनआर्गेनिक ट्रैफिक, रेफल ट्रैफिक, बाउंस बैक, सर्च इंजन ऑपटिमाइजेशन, गूगल एनेलेटिक्स, गूगल ट्रेंडस की जानकारी दी।

### बुचावास में किसान के कुएं से सामान चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचावास में एक किसान के खेत से अज्ञात चोर तीन फव्वारे, 28 पंप व दो आधे पंप चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित किसान ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर सामान बरामद करने तथा चोरों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। अमरनाथ शर्मा ने बताया कि वह गांव बुचावास का निवासी है तथा खेतीबाड़ी का कार्य करता है। तीन अप्रैल की शाम को वह अपना खेती का कार्य करने के बाद जब घर आया तो अपने कुएं पर पंपसैट के 10 फव्वारे, 28 पंप व दो आधे पंप छोड़कर आया था। परंतु सुबह चार अप्रैल को करीब नौ बजे घर से कुएं पर गया तो यहां से तीन फव्वारे, 28 पंप व दो आधे पंप गायब थे।

### स्पेशल अभियान: नौ वाहन चालकों के खिलाफ 283 की कार्रवाई

# सड़क पर खड़े थे वाहन, पुलिस ने कर लिए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



- सड़क सुरक्षा को लेकर सुधारात्मक कदम भी उठा रही जिला पुलिस।

नारनौल। सड़क पर खड़ी पिकअप गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

मुख्य मार्ग पर ढाबा, पेट्रोल पंप इत्यादि के समीप वाहन के चालक सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा निर्देश पर लगातार थानों व ट्रैफिक पुलिस चालान काटने की कार्रवाई कर रही है, साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर सुधारात्मक कार्य भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस ने जिलेभर में सड़क पर खड़े नौ वाहनों के चालकों पर धारा 283 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर वाहनों को जब्त किया गया। वाहन चालकों के विरुद्ध संबंधित थाना में मामले दर्ज किए गए। इस दौरान यातायात पुलिस ने कई वाहन चालकों के मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान काटने की कार्रवाई भी की। इस दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

### यातायात नियमों की अवेहलना पर पुलिस सख्त

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि एसपी अर्श वर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए काफी प्रयास कर रही है। पुलिस की ओर से हाईवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती अपनाते हुए वाहनों के चालान किए जा रहे हैं। नियमों को ना मानने की वजह से अधिकतर हादसे होते हैं। पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा, लेन ड्राइविंग व रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की वाहन चालकों से लगातार अपील की जा रही है और यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस की ओर से गलत लेन में वाहन चलाने वाले, रोड पर वाहन खड़ा कर रास्ता बाधित करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ 283 आईपीसी के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने नौ वाहन चालकों पर मामला दर्ज किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005